मुख्यमंत्री ने सैन्ट्रल पार्क में आमजन के साथ सैर व संवाद किया

खड़गे की विवादित टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि राजनीति में इस तरह की भाषा का कोई स्थान नहीं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 28 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार सुबह जयपुर के सेंट्रल पार्क में आमजन के साथ सुबह की सैर के समय लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं व सुझाव लिए। उन्होंने आमजन को नियमित व्यायाम, योग और शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को हार के कारणों पर आत्ममंथन करना चाहिए। केवल आरोप लगाने और अनर्गल बयानबाजी से जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार सुबह जयपुर के सेंट्रल पार्क में आमजन के साथ सैर की और लोगों से संवाद किया।

के साथ चाय पी और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर डिजिटल इंडिया अभियान को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जयपुर महापौर सुनील कोठारी, नगर निगम के पार्षद तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

सुबह की सैर के बाद, मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिवंगत पिता पर की गई विवादित टिप्पणी की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में इस तरह की भाषा का कोई स्थान नहीं है और कांग्रेस को राजनीतिक मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। दिवंगत माता-पिता के बारे में इस तरह की टिप्पणी अनुचित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को चुनावों में हार के कारणों पर आत्ममंथन करना चाहिए, परंतु कांग्रेस कभी ईवीएम, तो कभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठा रही है, केवल आरोप लगाने और अनर्गल बयानबाजी से जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "वन स्टेट-वन इलेक्शन" का संकल्प हमारी सरकार ने पूरा किया, प्रदेश में निकाय चुनाव संपन्न हो चुके हैं और पंचायतीराज चुनाव की प्रक्रिया जारी है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिवों की बैठक आज

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार सुबह 10 बजे भाजपा के केन्द्रीय मुख्यालय में आयोजित की गयी है।

पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में देश के मौजूदा राजनीतिक हालात और मुख्य चुनाव आयुक्त एवं एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के

- **बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा होगी**

अभियान को लेकर आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हो सकती है।

पार्टी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बैठक में विपक्ष की ओर से चलाए जा रहे राजनीतिक कार्यक्रमों और उनके प्रभाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही, मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के बीच पार्टी की रणनीति, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी राजनीतिक चुनौतियों से निपटने की तैयारियों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां भी बैठक का एक प्रमुख एजेंडा हैं।

भाजपा नेतृत्व इस बैठक के जरिए आगामी चुनावों और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दे सकता है। बैठक में होने वाले विचार-विमर्श के आधार पर पार्टी की आगे की रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों की दिशा तय किए जाने की उम्मीद है।

'टाटा समूह को अपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है'

राहुल गांधी ने एक्स पर अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि उद्योग जगत के किसी भी नेता की इस पर एक शब्द भी बोलने की हिम्मत नहीं है

- **राहुल गांधी का इशारा टाटा संस में नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद की ओर था।**

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने टाटा समूह को लेकर विवाद को लेकर केन्द्र सरकार के साथ ही, भारतीय उद्योग जगत पर भी निशाना साधा है।

नेता विपक्ष ने इस मामले में देश के बिजनेस लीडर्स की चुप्पी को लेकर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि टाटा समूह को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, मगर कारोबार जगत के किसी भी नेता में एक शब्द भी बोलने की हिम्मत नहीं है।

बिजनेस लीडर्स को परोक्ष रूप से डरपोक बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भले ही उनमें कुछ कहने का साहस न हो, मगर कांग्रेस के पास बोलने के लिए हिम्मत की कमी नहीं है।

सरकार के शीर्ष नेतृत्व के साथ कारोबार जगत के नेताओं पर इस तीखे प्रहार के जरिए कांग्रेस नेता ने टाटा ग्रुप से जुड़े मामले को अब सियासी वाद-विवाद का मुद्दा भी बना दिया है।

टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस के नेतृत्व को लेकर चल रहे अंदरूनी विवाद में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने बीते हफ्ते एन चंद्रशेखरन को टाटा संस का फिर से चेयरमैन नियुक्त करने के प्रस्ताव को चुनौती दी थी।

नेता विपक्ष ने बुधवार को एक्स पर अपनी टिप्पणी के जरिए, टाटा समूह को बाहर से नियंत्रण में लेने के कथित प्रयासों की ओर इशारा करते हुए बिजनेस लीडर्स को खास तौर पर निशाने पर लिया।

'सुप्रीम कोर्ट मकान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हर रुकी हुई परियोजना शामिल हो जाए।

उन्होंने कहा, "इसका मतलब यह नहीं है कि भारत की हर आवासीय परियोजना को एमिकस क्यूरी के सामने लाया जाए। वे उन बिल्डर कंपनियों के समूह से जुड़ी परियोजनाओं की जाँच कर रहे हैं, जिनके मामलों पर इस अदालत ने विचार करने का फैसला किया है। बाकी लोगों को हमारे फैसले का इंतजार करना होगा। हम एमिकस क्यूरी और अदालत पर एक जैसे मामलों के कई मुकदमों का बोझ नहीं डालना चाहते।"

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि शीर्ष अदालत में हर दिन कई नई याचिकाएं दायर हो रही हैं।

उन्होंने कहा, "हम हर दिन देख रहे हैं कि चार या पांच लोग याचिकाएं लेकर आ रहे हैं। अब यह एक नया चलन बन गया है।"

जब वकीलों ने दलील दी कि परियोजनाएं अधर में लटकी हुई हैं और उच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, तो मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने दोहराया कि संबंधित पक्षों को या तो मुख्य मामले के फैसले का इंतजार करना होगा या फिर वे संबंधित उच्च न्यायालयों में अपने कानूनी विकल्पों का सहारा ले सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, "अभी आप यहाँ आए हैं, कल इसी परियोजना के 200 और लोग भी आ जाएंगे। ऐसे में कभी कोई फैसला नहीं हो पाएगा। यह सिलसिला कभी खत्म नहीं होगा। आपको इंतजार करना होगा या फिर अपने संबंधित उच्च न्यायालयों का रुख करना होगा।"

जयशंकर 30-31 अक्टूबर को अमेरिका जाएंगे

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 30 से 31 अक्टूबर तक अमेरिका के अटलांटा में आयोजित होने वाली जी-20 और क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वे 1 से 4 नवंबर

- **वे क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने अमेरिका जा रहे हैं।**

तक सेंट जॉन्स, एंटीगुआ और बारबुडा में आयोजित होने वाली राष्ट्रमंडल राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में भारत के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा, जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के साथ-साथ, विदेश मंत्री क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी भाग लेंगे और अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय मुलाकातें करेंगे।

केन्द्र दिल्ली में एक के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिया जाएगा। आवास और शहरी मामलात मंत्रालय ने इससे पहले वायुसेना गोल्फ कोर्स के कब्जे वाली जमीन वापस मांगी थी।

मंत्रालय ने अब तक सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया है कि इस जगह पर कौन-सा प्रोजेक्ट शुरु किया जायेगा। साथ ही, इसके प्रस्तावित इस्तेमाल के लिए कोई समय-सीमा भी नहीं बताई गई है। इससे पहले आई खबरों में कहा गया था कि जमीन वापस लेने की यह कार्रवाई मध्य दिल्ली में सरकारी संपत्तियों को जनहित के कामों के लिए उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है।

इस गोल्फ कोर्स में नौ ग्रीन हैं। "ग्रीन" गोल्फ के उन हिस्सों को कहा जाता है, जहां गोल्फ के "होल" बने होते हैं और इस क्षेत्र की घास की खास देखभाल की जाती है। यह गोल्फ कोर्स लोक कल्याण मार्ग पर स्थित है, जिसे पहले रेस कोर्स रोड कहा जाता था। यह प्रधानमंत्री के सरकारी आवास के पास है। सरकार ने अभी यह नहीं बताया है कि लंबे समय में इस जगह की खेल और अन्य सुविधाओं पर क्या असर पड़ेगा।

एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह के विदाई गोल्फ कार्यक्रम को रद्द किए जाने की खबर ऐसे समय आई है, जब उनकी सेवानिवृत्ति में कुछ ही दिन बाकी हैं। वे 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। फिलहाल वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को अगला वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है।

आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन कार्यरत भूमि एवं विकास विभाग इसी इलाके में कई संपत्तियों को वापस लेने की कोशिश कर रहा है। इनमें से कुछ संपत्तियां पहले क्लबों और खेल संगठनों को लीज़ पर दी गई थीं। अधिकारियों ने कुछ अन्य जगहों पर अनाधिकृत कब्जे का मुद्दा भी उठाया है।

अगस्त में अधिकारियों ने दिल्ली रेस क्लब के कब्जे वाली 53 एकड़ जमीन वापस ले ली थी। केन्द्र सरकार ने कहा था कि उसे इस जमीन की जरूरत जनहित के काम के लिए है, लेकिन इसके इस्तेमाल की कोई स्पष्ट योजना नहीं बताई थी।

पास में ही स्थित जयपुर पोलो ग्राउंड से भारतीय पोलो संघ को भी हटा दिया गया था। उस मामले में, सरकार ने सार्वजनिक प्रशासन और रक्षा संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरतों का हवाला दिया था।

सफदरजंग रोड पर लगभग 27 एकड़ जमीन पर बने दिल्ली जिमखाना क्लब का केन्द्र सरकार के साथ अलग विवाद चल रहा है। भूमि एवं विकास विभाग ने रक्षा संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा और सरकार की अन्य जरूरतों के लिए यह जमीन मांगी है। क्लब ने इस कार्यवाही को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

दिल्ली एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)

- **सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से पूछा, पहले से पंजीकृत जो मतदाता नई ड्राफ्ट लिस्ट में छूट गए हैं उन्हें फॉर्म 6 भरने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है।**

को लेकर भारत निर्वाचन आयोग से कड़े सवाल पूछे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह जानना चाहा कि जो लोग पहले से ही मतदाता के रूप में पंजीकृत थे, लेकिन नई ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर छूट गए हैं, उन्हें फॉर्म 6 भरने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है। यह उन्हें पहली बार के मतदाता के रूप में पेश करता है। न्यायालय ने इस मामले पर अगली सुनवाई नवंबर में करने का आदेश दिया।

यूएई ने कैप्टन स्मित ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने क्रू को यह सम्मान प्रदान किया। यूएई के नेतृत्व ने मुश्किल हालात में यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए सभी की सराहना की।

चक्रवात अर्नब ने आँध्र प्रदेश में तबाही मचाई

हैदराबाद, 28 अक्टूबर। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' मंगलवार देर रात 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। यहां 125 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। आंध्र प्रदेश में 5 मौतें हुई हैं।

राज्य के 31 घरों को नुकसान पहुंचा। 57 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। तूफान के कारण 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा-विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 फ्लाइट्स रद्द की गईं। 13 शहरों में अचानक बाढ़ आने का अलर्ट जारी किया गया है।

ओडिशा में भारी बारिश के चलते 16 जिलों में स्कूल बंद हैं।

हरदीप पुरी को भाजपा मध्य ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जुड़ी संस्थाओं के साथ वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध होने के ऑनलाइन आरोप लगाए गए थे। उन्होंने मानहानि का मुकदमा दायर कर हर्जाने की मांग की और संबंधित सामग्री हटाने की अपील की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने संबंधित प्लेटफॉर्म्स को यह सामग्री हटाने का आदेश दिया। अदालत ने प्रथम दृष्टया मानहानि का मामला पाया और कहा कि इन दावों के पीछे तथ्यात्मक आधार नहीं था।

पुरी मंत्रिमंडल में एकमात्र सिख मंत्री हैं और 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिहाज से, भाजपा की पंजाब रणनीति में उनकी अहम भूमिका है। पूर्व राजनयिक के रुप में उनका पंजाब से गहरा संबंध रहा है। उन्होंने 2019 में अमृतसर से चुनाव भी लड़ा था। इससे भाजपा को उस समय एक भरोसेमंद सिख चेहरे के रूप में उन्हें पेश करने में मदद मिलती है, जब पार्टी अपने पारंपरिक शहरी जनाधार से बाहर भी विस्तार करने की कोशिश कर रही हो। उम्मीद है कि पुरी चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और विकास तथा "डबल इंजन" सरकार के कामकाज पर जोर देंगे।

विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस ने एप्स्टीन से जुड़े संपर्कों को लेकर पुरी से जवाब मांगा है और उनके इस्तीफे की मांग की है। पुरी को दोबारा उम्मीदवार बनाए जाने से यह आलोचना फिर तेज हो सकती है कि भाजपा जवाबदेही के बजाय, वफादारी को प्राथमिकता देती है। इससे विपक्ष को संसद और सार्वजनिक मंचों पर सरकार को घेरने का एक और मुद्दा मिल सकता है। मंत्रिमंडल में पुरी ने वैश्विक अस्थिरता के दौर में ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने भारत की तेल खरीद और आपूर्ति रणनीतियों का बचाव किया है। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम नहीं आने के बाद, मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज हो गई थीं। यह सवाल भी उठ रहा था कि क्या वे पेट्रोलियम मंत्री बने रहेंगे। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सीट हासिल करने की कोशिश यह संकेत देती है कि भाजपा नेतृत्व कम से कम निकट भविष्य में तो उन्हें अपने साथ बनाए रखना चाहता है। इससे प्रशासनिक कामकाज में उनकी सक्षम भूमिका के साथ-साथ, पंजाब में पार्टी की पहुंच बढ़ाने के लिए उनके प्रतीकात्मक महत्व का भी पता चलता है।

दिल्ली में एक ही दिन में दो "मॉक पार्लियामैंट" आयोजित होंगी

30 अक्टूबर को विपक्ष और सत्ता पक्ष की ओर से पृथक-पृथक आयोजन किए जा रहे हैं

- **सत्ता पक्ष की मॉक पार्लियामैंट का आयोजन सिटिज़ंस फॉर डैमोक्रैसी संगठन करवा रहा है। इसमें भाजपा का कोई नेता शामिल नहीं होगा, पर इसे भाजपा का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।**

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली में मॉक पार्लियामेंट के आयोजन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, इंडिया गठबंधन की ओर से प्रस्तावित मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम के दिन ही 'सिटिजंस फॉर डेमोक्रेसी' के बैनर तले भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की बात कही गई है।

सूत्रों के अनुसार, सड़क पर चल रही 'रेजीम चेंज', यानी सत्ता परिवर्तन की मांग और अराजकता के खिलाफ देशभर के राष्ट्रवादी नागरिकों के बैनर तले यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विपक्ष की ओर से किए जा रहे राजनीतिक कार्यक्रम के समानांतर अपनी बात रखना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में भाजपा का कोई नेता या सांसद प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होगा। इस तरह आयोजन को भाजपा के आधिकारिक राजनीतिक कार्यक्रम के बजाय, 'सिटिजंस फॉर डेमोक्रेसी' के बैनर तले नागरिकों की ओर से आयोजित कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

'मॉक पार्लियामेंट' यानी 'नकली संसद' एक ऐसा अभ्यास या प्रतीकात्मक आयोजन होता है, जिसमें वास्तविक संसद की कार्यवाही की तरह बहस, चर्चा, प्रस्ताव और सवाल-जवाब किए जाते हैं। इसमें प्रतिभागी, सांसदों की भूमिका निभाते हैं और किसी समसामयिक मुद्दे, सरकारी नीति या राजनीतिक विषय पर अपने विचार रखते हैं।

आसाराम के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिकॉर्ड के कारण आसाराम द्वारा कोर्ट में पेश की जाने वाली आगामी अर्जियों पर भी असर पड़ सकता है। उक्त धारा जेल से पैरोल पर छूटने के बाद फरार होने वाले या समय पर वापस न लौटने वाले बंदियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सख्त सजा सुनिश्चित करती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908